## संक्षिप्त

### जिला महासचिव बनने पर बधाई दी

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** नीमराना ग्राम पंचायत के राष्ट्रपति निर्मल ग्राम पंचायत से सम्मानित पूर्व सरपंच अशोक मुद्गल को जिला कांग्रेस कमेटी अलवर का जिला महासचिव बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित कर प्रसन्नता व्यक्त की। शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष मौजी राम यादव ने बताया कि अलवर जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा के द्वारा उपाध्यक्ष तथा जिला महासचिव व सचिव की घोषणा करते हुए अशोक मुद्गल को जिला महासचिव नियुक्त किया जाने पर कस्बे में खुशी की लहर छा गई। वहीं कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशी व्यक्त की तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली व योगेश मिश्रा का आभार व्यक्त किया।


अशोक मुद्गल

### मो. फरीद टोंक शहर अध्यक्ष नियुक्त

**टोंक, (निसं)।** राजस्थान प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार एवं पूर्व उप-मुख्यमंत्री टोंक विधायक सचिन पायलट की अनुशंसा पर अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष युसूफ इंजिनियर ने टोंक शहर अध्यक्ष पद पर मो. फरीद (टोपीवाले) पुरानी को नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर पी.सी.सी. सदस्य सऊद सईदी, सभापति अली अहमद, दिनेश चौरासिया, ब्लॉक अध्यक्ष इरशाद बेग, मणिन्द्र बैरवा, अहसान बाबा, अख्तर सुलेमान, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अजीज कुरेशी, अनवर आदिल, अख्तर पार्षद, इम्तियाज खान के अलावा सभी कांग्रेस जनों ने शुभकामनाऐ दी तथा प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का आभार व्यक्त किया है।


मो. फरीद

### वसुंधरा व पूनम सम्मानित

**टोंक, (निसं)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के समापन पर जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता द्वारा इंदिरा महिला शक्ति प्रोत्साहन एवं सम्मान योजना के तहत जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला प्रमुख सरोज बंसल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी देशलदान, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एडीजे रूबीना परवीन अंसारी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सरोज मीणा, महिला अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक मैरिगटन सोनी द्वारा शिव शिक्षा समिति रानोली से किशोरी फेडरेशन की सदस्य वसुंधरा प्रजापत एवं समन्वयक पूनम जोनवाल को सम्मानित किया गया।

### तीन घंटे विद्युत कटौती रहेगी

**मालपुरा, (निसं)।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय मालपुरा के सहायक अभियंता कदम वशिष्ट ने बताया कि केकडी रोड जीएसएस पर विधुत लाईनों के आवश्यक रखरखाव कार्यों के चलते शुक्रवार को प्रातः साढे आठ बजे से साढे ग्यारह बजे तक सम्पूर्ण मालपुरा उपखण्ड क्षेत्र में विद्युत कटौती रहेगी।

### 40 लाख रूपये के विकास कार्य स्वीकृत

**टोंक, (निसं)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने अपने निर्वाचन क्षेत्र टोंक की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के लिए "विधायक स्थानीय विकास कोष" से 40 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। ग्राम पंचायत पालडा के ग्राम नवाबपुरा के एस.टी. मौहल्ले में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, ग्राम पंचायत घांस के राउमावि खजूरिया में तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपये तथा ग्राम पंचायत बमोर के राउमावि बमोर में पुस्तकालय सभागार निर्माण कार्य हेतु 15 लाख रूपये की स्वीकृति जारी की है। उक्त स्वीकृति जारी करने पर पीसीसी सदस्य सउद सईदी, टोंक प्रधान सुनीता गुर्जर, निवर्तमान जिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मण गाता, जिला उपाध्यक्ष दिनेश चौरसिया, सुनील बंसल, सरपंच संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज गुर्जर, पालडा सरपंच मौसमी मीणा, घांस सरपंच मुकेश गुर्जर, बमोर सरपंच पार्वती जाट सहित समस्त कांग्रेसजनों ने पायलट का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

# प्रिंसीपल पर जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार करने की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले सैंकड़ों शिक्षकों ने गुरूवार को पंचायत समिति से कोर्ट परिसर तक आक्रोश रैली निकाल जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए इंदोली प्रिंसीपल पर जानलेवा हमले के आरोपियों की सात दिन में गिरफ्तारी नहीं होने पर बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार व आंदोलन की चेतावनी दी।

■ संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति ने एस.डी.एम. व ए.एस.पी. को ज्ञापन सौंप बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी


संयुक्त शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले शिक्षकों ने एस.डी.एम. (बीच में) को ज्ञापन सौंपाकर बोर्ड परीक्षाओं के बहिष्कार की चेतावनी दी।

शिक्षक नेता जतन लाल जाट के नेतृत्व में सैंकडों शिक्षकों ने एसडीएम व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार बैरवा को सौंपे गये ज्ञापन में अवगत करवाया कि 15 मार्च को लठेतो ने इंदोली प्रिंसीपल रामु लाल जाट की कार को रोक जानलेवा हमला करते हुए कार को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर प्रिंसीपल व उनके साथ कार में सवार हिंडोला प्रिंसीपल भंवर जाट पर भी हमला कर दोनों को घायल कर रामु जाट का मोबाईल छीन मौके से फरार हो गये।

हमलावरों के विरूद्ध मालपुरा थाने में मामला दर्ज करवाये जाने तथा हमले का वीडियो पुलिस को उपलब्ध करवाने के बावजूद जांच अधिकारी हमलावरों की गिरफ्तारी करने में शिथिलता बरत रहे हैं। इसके विरोध में मालपुरा ब्लॉक के शिक्षक उग्र आंदोलन कर बोर्ड परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे। शिक्षकों के आक्रोश व मांगों को देखते हुए एएसपी राकेश कुमार बैरवा ने जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी का विश्वास दिलाया। इस दौरान राजेन्द्र सैनी, शिवराज च्यवन गौड, बनवारी लाल वर्मा, संजय शर्मा, सियाराम शर्मा, अब्दुल लतीफ मालपुरा, मनोज जैन, रामकिशन सैनी, धर्मेन्द्र जैन, गोपाल जाट, गिरधर शर्मा, रामजीलाल बैरवा, प्रियंका, मिनाक्षी सहित सैंकडो शिक्षक व शिक्षिकाए मौजूद रहे।

## प्रदेशाध्यक्ष पूनिया का स्वागत किया

**चाकसू, (निसं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया गुरुवार को एक दिवसीय भरतपुर दौरे पर रहे इस दौरान जयपुर से भरतपुर जाते समय पूर्व संसदीय सचिव व चाकसू विधानसभा के पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का माला व साफा पहनाकर कार्यकर्ताओं के साथ गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक लक्ष्मीनारायण बैरवा ने प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को तलवार भी भेंट की। इस अवसर पर पूनिया ने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2023 में राजस्थान प्रदेश में भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सरकार के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन और उनकी गलत नीतियों का विरोध किया है। लेकिन अभी भी पीछा नहीं छोड़ना है। जब तक हम इस सरकार को भगा नहीं देंगे तब तक चैन से नहीं बैठना है। इस दौरान भाजपा देहात मंडल अध्यक्ष भूणाराम गुर्जर, विधि प्रकोष्ठ के सह संयोजक अर्जुन सिंह हिंगोनिया, सरदार सुरेंद्र सिंह, गणपत पूनिया कजोड चौधरी शंकर मदन आकोड़िया विक्रम सिंग तमड़िया सुरेन्द्र बैरवा अशोक सी आर प्रभु चौधरी दुर्गशंकरजी पहाड़िया जैनारायण पटवारी श्रीराम जी दयपुरा कोटखावदा प्रदान प्रह्लाद मीना आकोड़िया सरपंच अर्जुन मीना जितेंद्र व्यास राजेंद्रजी गोस्वामी जी चेतराम सेनी सहित चाकसु भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीजे पर नाचने को लेकर हुआ झगड़ा

**नारायणपुर, (निसं)।** बुधवार देर रात्रि को डीजे पर नाचने को लेकर कुछ लोगों में आपस में झगड़ा हो गया। जिस पर पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसआई राम कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत खरखडी कला के गांव बास भूरिया में आयोजित कुआं पूजन समारोह में कुछ लोग डीजे पर डांस कर रहे थे। डीजे पर गाना चेंज करवाने को लेकर आपस में झगड़ा हो गया, झगडे में कुछ लोगों के चोट आई हैं। जिनका उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर अजय (20) पुत्र गुट्टा राम जाति जाट निवासी आड़ी गैली चतरपुरा, अभय (22) पुत्र बनवारी लाल जाति गुर्जर निवासी कटारिया का बास हरसोरा हाल निवासी खोहरी बानसूर, योगेश (21) पुत्र किशोरी लाल जाति जाट निवासी आड़ी गैली चतरपुरा, शिवराज सिंह (36) पुत्र अभय सिंह जाति राजपूत निवासी बास भूरिया खरखडी कला, विरेंद्र सिंह (18) पुत्र श्रवण सिंह जाति राजपुत्र निवासी बास भूरिया खरखडी कला को शांतिभंग में गिरफ्तार किया हैं।

## शारदा को आयरन लेडी अवार्ड मिला

**नरैना, (निसं)।** मेरा अधिकार एवं विकास फाउंडेशन ट्रस्ट अलवर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज में अनुकरणीय कार्य करने वाली महिलाओं को आयरन लेडी अवार्ड से सम्मानित किया। जिसमें जयपुर से विकासोन्मुख संस्थान नरैना की प्रोग्राम समन्वयक शारदा सैनी को इस अवार्ड से सम्मानित किया गया। राजेश मालाकार ने बताया कि सैनी ने संस्था के साथ मिलकर महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर घर किचन गार्डन अभियान चलाया अभी हाल ही में इनके द्वारा किचन वेस्ट से तैयार खाद की प्रदर्शनी महाराष्ट्र के वर्धा में लगी मुंबई के सहायक ट्रस्ट से इनको जैविक पोषण वाटिका में मास्टर ट्रेनर भी बनाया गया है।

## परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करें : कलेक्टर

**अलवर, (निसं)।** त्रि-स्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में आज जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

■ जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यालय में आई परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ संवेदनशील रहकर आमजन की परिवेदनाओं का निराकरण करें। यदि प्रकरण कार्यालय से संबंधित नहीं होवे तो परिवादी को इस संदर्भ में जानकारी देवे। अनावश्यक रूप से प्रकरण के निस्तारण को लम्बित रखने व लापरवाही सामने आने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जनसुनवाई के दौरान फरियादी को ससम्मान कुर्सी पर बैठाकर जिला कलेक्टर ने उनकी परिवेदनाओं को सुना।

जिला कलेक्टर के समक्ष जिलेभर से आए 265 फरियादियों ने अपनी परिवेदना प्रस्तुत की जिनमें मुख्य रूप से राजस्व, यूआईटी, पंचायती राज, जलदाय विभाग, विद्युत, नगर परिषद, पुलिस, रसद, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, चिकित्सा, श्रम विभाग आदि की परिवेदनाएं थी। जनसुनवाई में मुण्डावर व ग्राम जालपीवास में आम रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, खैरथल की नानक कॉलोनी में मकान व दुकान पर अतिक्रमण हटवाने, टपूकडा के ग्राम कारौली में भूमि दिलवाने, लक्ष्मणगढ के मूर्ति मंदिर में अतिक्रमण हटाने, अलवर के फौजी कॉलोनी में प्लॉट पर अतिक्रमण हटाने, वार्ड नं. 25 लालडिग्गी अलवर में रास्ते पर अतिक्रमण हटाने, नवलपुरा गांव में कुआं खेलकुण्डा रास्ता व धार्मिक स्थान पर अतिक्रमण हटाने, अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम के सामने अतिक्रमण हटाने, मालाखेडा के ग्राम हरिपुरा में अवैध निर्माण हटाने, गोविन्दगढ के ग्राम रामबास में आम रास्ते व मंदिरमाफी की भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम चांदौली में खेतों पर से अतिक्रमण हटाने, अलवर के वार्ड नं. 63 के प्रार्थियों को पट्टा दिलाने, प्रतापबास में भू-अभिलेख ठीक कराकर पट्टा दिलाने, मूंगस्का के प्रार्थी का लेआउट प्लान जारी करने, सामोला के कच्ची बस्ती वार्ड नं. 38 में प्रार्थी को पट्टा जारी करने, रामगढ के बाम्बोली में कृषि भूमि में रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में सही दर्ज कराने की परिवेदनाएं आई।

# केवल चंद गुलेचा अध्यक्ष बने

**जयपुर, (निसं)।** गुरुवार को टोंक रोड स्थित राजस्थान स्वायत शासन संस्था की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रदेश के करीब ढाई सौ से अधिक शहरी निकाय से वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष सभापति एवं महापौर आदि द्वारा भाग लिया गया।

■ राजस्थान स्वायत शासन संस्था की बैठक

इस साधारण सभा की बैठक के बाद सर्वसम्मति से राजस्थान स्वायत्त संस्था जयपुर के अध्यक्ष पद पर पुण: केवल चंद गुलेच्छा को अध्यक्ष के रूप में घोषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष केवल चंद गोलेछा द्वारा प्रदेश भर से आए निकायों के अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों आदि का आभार व्यक्त किया गया।

गुलेच्छा ने कहा कि राजस्थान स्वायत शासन महाविद्यालय को और प्रगति की ओर ले जाने की दिशा में विशेष रूप से प्रयास करने का निर्णय लिया गया इनके लिए एक और ओडोटोरियम के निर्माण की भी घोषणा की गई।

वहीं अध्यक्ष गुलेच्छा ने पुन: निर्वाचित होने को लेकर उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए संस्था के लिए सहयोग कर संस्था को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होने का भी विश्वास व्यक्त किया गया। वहीं केवल चंद गुलेच्छा का संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र के नेतृत्व में भव्य स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान स्वायत्त संस्था के उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र ने कहा कि यह संस्था यहां आने वाले युवाओं के स्किल डेवलपमेंट सहित उनको स्वरोजगार सहित सरकारी नौकरियों तक जाने के लिए दी जाने वाली ट्रेनिंग के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

राजस्थान स्वायत शासन संस्था की प्रदेश स्तरीय साधारण सभा बैठक के दौरान संस्था के सचिव सेवानिवृत्त आईएएस प्रदीप कुमार बोरड दिनेश मिश्रा उपाध्यक्ष मन्त्री कैलाश शर्मा विधायक अमित चचाण विधायक अनिल शर्मा पूर्व अध्यक्ष नोहर पूर्व अध्यक्ष सरदार शहर राजीव अग्रवाल महापौर कोटा दक्षिण मंजु मेहरा महापौर नगर निगम कोटा उत्तर अभिजित कुमार महापौर भरतपुर जीवन खान सभापति सीकर अशोक टांक सभापति राजसमंद मनीष राठी सभापति नाथद्वारा मीतू बोथरा सभापति नागौर आशा नामा अध्यक्ष मालपुरा इंद्रा बैरवा सभापति बंदीकुई नारायण झांवर अध्यक्ष नोखा आदि शहरी निकायों से जुडे जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

## एस.पी. राजर्षि राज को शुभकामनाएं दी

**टोंक, (निसं)।** सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारी कल्याण संस्थान के तत्वावधान में सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष वृद्धि चंद गुर्जर सेवानिवृत्त पुलिस उप अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें टोंक पुलिस कप्तान के रूप में पदस्थापन की बधाई देते हुए होली की शुभकामनाएं दी तथा होली के अवसर पर जिले में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये किये गये प्रयासों की तथा गावडी गांव में हुये महिला के मर्डर को खोलने की बधाई दी।

इस मौके पर सेवानिवृत पुलिसकर्मियों ने पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज से संगठन के लिए पुलिस लाईन में कार्यालय उपलब्ध कराने एवं पुलिस लाईन में रक्तदान शिविर का आयोजन कर पुलिसकर्मियों के लिए आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक में रक्त आरक्षित रखने की मांग की गई। इस पर पुलिस अधीक्षक ने बडे स्नेह व आत्मीयतापूर्ण व्यवहार करते हुए यथासंभव उपरोक्त समस्यओं को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि आप सभी हमारी पुलिस टीम के सदस्य रह चुके हो, आपकी कोई भी समस्या हो आप मेरे संज्ञान में ला सकते हैं। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सेवानिर्वत्त पुलिस निरीक्षक प्रेम रघुवंशी, महामंत्री जाहिद मियां सहित भगवान सिंह, जगदीश गोदारा, मुन्ना साहू, जाकिर मियां, हरिप्रसाद शर्मा, फतेह लाल गुर्जर, बालकिशन शर्मा, रामजीलाल किशन सिंह, परमानंद, मोहम्मद अली, राधा किशन, जियाउद्दीन, सुंदरलाल, शंकर बराला एवं राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# शहरी नरेगा से हो रहे सौंदर्यीकरण से शहर का स्वरूप निखरा

**लालसोट, (निसं)।** नगर पालिका क्षेत्र लालसोट में इंदिरा गांधी शहरी नरेगा योजना के तहत शुरू किए गए सौंदर्यीकरण के कार्य से नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न जगहों का स्वरूप निखरता नजर आ रहा है।

वहीं पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र स्वयं इन कार्यों का व्यक्तिगत पर्यवेक्षण कर शहर की स्वच्छता व सुंदरता को गति देने का प्रयास कर रही है। शहरी नरेगा योजना के अंतर्गत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ भारत कार्यक्रम से जुड़े नारे लेखन एवं चित्र पेंटिंग आदि का कार्य बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। शहर का सौंदर्यीकरण और बड़े एवं स्वच्छता के प्रति स्थानीय शहरवासी ज्यादा जागरूक को इसी को लेकर एसडीएम विजेंद्र मीणा एवं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सीमा चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से नगरपालिका के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर किए जा रहे स्वच्छता संदेशों नारा लेखन एवं विभिन्न सकारात्मक कार्यों को लेकर पेंटिंग द्वारा दिए जा रहे संदेशों का अवलोकन किया गया। वहीं एसडीएमएम अधिशासी अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से इन सरकारी संदेशों को सामाजिक संदेश बनाने एवं बड़े पैमाने पर स्वच्छता का संदेश जाए इसे लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश स्वच्छ भारत में कार्य कर रही टीम को दिए गए। एसडीएम मीणा अधिशासी अधिकारी चौधरी द्वारा कैमरी तलाई शेडुलाई तलाई महिला कुआं तलाई खुदाई होममेड बनाने का काम श्मशान घाट कब्रिस्तान रंगाई पुताई कार्य राजकीय कार्यालय भवन दीवारों पर रंगाई पुताई सुंदर आकर्षक चित्रकारी स्लोगन आदि चल रहे कार्यों का जायजा भी लिया।

■ एस.डी.ओ. एवं ईओ ने जायजा लिया



लालसोट नगर पालिका क्षेत्र में इंदिरा गांधी शहरी नरेगा योजना से चल रहे सौन्दर्यीकरण कार्य का एस.डी.एम. विजेंद्र मीणा (दांए) व ईओ सीमा चौधरी (बांए) ने जायजा लिया।

## होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**बस्सी, (निसं)।** बस्सी विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी एवं जनसेवक डॉ. अजय मीणा की ओर से गुरुवार को गोनेर के पास सिरोली गांव में होली स्नेह मिलन समारोह एवं जन्मदिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में विधानसभा क्षेत्र के कोने-कोने से बड़ी तादाद में पहुंचे समर्थकों एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं ने डॉ अजय मीना को 37 में जन्मदिन की बधाई दी। डॉ अजय मीणा ने आए हुए समर्थकों एवं शुभचिंतकों से मेल मिलाप करते हुए उनसे संवाद स्थापित कर क्षेत्र की हर समस्या और उसके समाधान पर बात की। इसके साथ ही अजय ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के लोगों के लिए वह हमेशा हर परिस्थिति में खडे मिलेंगे। इस दौरान राजस्थान यूनिवर्सिटी के हरफूल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष पूजा वर्मा, रोशन मुंडोतिया, हीरा लाल मीणा के अलावा अजय सिंह धीरावत, विकास चौधरी, हितेश यादव, कोमल मोहनपुरिया, दिलीप खंडेलवाल, महेश चौधरी, राहुल शर्मा, प्रकाश मीणा, सीताराम ध्यावणा समेत हजारों की संख्या में युवा, बुजुर्ग एवं अन्य मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### एडिशनल एस.पी. सम्मानित



**फुलेरा/नरैना, (निसं)।** पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा के द्वारा जयपुर घाट गेट स्थित 5 वीं बटालियन के परेड ग्राउण्ड में पुलिस विभाग में श्रेष्ठ कार्यों के लिए सम्मान समारोह का किया गया। जिसमें कई पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में जयपुर ग्रामीण के दूदू में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात दिनेश शर्मा को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डीजीपी डिस्क रोल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल और आर्म्स बटालियन के महानिरीक्षक लता-मनोज कुमार उपस्थित रहे। एडिशनल एसपी शर्मा को सम्मानित होने पर दादूधाम पीठाधीश्वर गोपाल दास महाराज, सी एम सलाहकार एवं दूदू विधायक बाबूलाल नागर, फुलेरा विधायक निर्मल कुमावत, दूदू सरपंच संघ अध्यक्ष भंवरी देवी भांखर, साखून सरपंच प्रेम देवी माली, ग्राम सेवा सहकारी समिति नरैना अध्यक्ष हृदयसुमन पारीक, भाजपा नेता सुनील पारीक सहित अनेक जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने दिनेश शर्मा को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### एन.एस.एस. शिविर का समापन

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। प्राचार्या डॉ. उर्मिल महलावत के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने वृक्षारोपण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व विभिन्न सामाजिक बुराईयों के बारे में जागरूकता फैलाई तथा देश व समाज की उन्नित के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य मैं नहीं आप से प्रेरणा लेकर समाज सेवा के लिए तत्पर रहने का संकल्प लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीएसपी गौत्तम कुमार जैन ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अधिकारों से पहले कर्तव्यों की तरफ ध्यान देना चाहिए। उन्होंने युवाओं को देश का भविष्य बताया तथा उनको विभिन्न बुराईयों जैसे नशाखोरी, अपराध, हिंसा आदि से दूर रहने का आव्हान किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. आर.पी.गुर्जर, डॉ. मधु नागर, प्रो. सुरेश कुमार यादव, डॉ.पदमा मीणा ने अपने विचार व्यक्त किये। संयोजक प्रो. सज्जन सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ. अमित शर्मा, डॉ.आर.के.सिंह, डॉ. पी.सी.जाट, डॉ. अनुपमा सक्सेना, प्रो. विजय सिंह यादव, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. बबीता यादव, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव, प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. नरेन्द्र कुमार मीणा समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहें। संचालन डॉ. हरिराम धनेटिया ने किया।

### छात्रों को स्वरोजगार प्रशिक्षण दिया

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** बहरोड़ कस्बे के नेशनल हाईवे नंबर 48 के आरटीओ ऑफिस के पास स्थित बाबूलाल इलेक्ट्रिकल एंड लक्ष्मी देवी आईटीआई के सहयोग से भारत विकास परिषद शाखा बहरोड़ की प्रेरणा से 15 छात्रों को स्वरोजगार के लिए सबमर्सिबल मोटर वाइंडिंग आदि की सामान्य जानकारी का व्यवहारिक प्रशिक्षण देकर उत्साहवर्धन किया गया। परिषद सचिव कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि भारत विकास परिषद के समाज सेवा तथा सामाजिक कार्य एवं लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आईटीआई कर रहे छात्रों को स्वरोजगार प्रेरणा के साथ ही आने वाले समय में बेरोजगारी की दिन-प्रतिदिन बढ़ रही समस्या से उभरने के लिए पढ़ाई के साथ ही हाथ के हुनर को कार्य रूप देकर खुद का व्यवसाय तथा व्यवसाय करने के साथ ही नौकरी करने के बजाय नौकरी देने वाले लोगों की संख्या बढ़ाकर मजबूत और सशक्त राष्ट्र का निर्माण करने की जानकारी देते हुए स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। वहीं प्रशिक्षक विकास कुमार एवं टेक्निकल कंसलटेंट महावीर योगी ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का मार्ग बताकर भविष्य में नशे की बुरी आदत से भी बचने की सलाह देकर छात्रों को टी-शर्ट तथा पैन व कापी भेंट की गई।

### आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की मांग



**कोटपूतली, (निसं)।** शहीद वीरांगनाओं ने गुरूवार को नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपकर कस्बे के आजाद चौक में महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति लगवाये जाने की मांग की है। वीरांगना मिथलेश देवी, गायत्री देवी व समाजसेविका गीता शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से अमर शहीदों के बलिदान को अक्षुण्ण रखने तथा भावी पीढ़ी के समक्ष उनका आदर्श प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक बताया। क्षेत्र के शहीद परिवारों से वीरांगना कृष्णा जाट, कृष्णा यादव, बनारसी देवी, शर्मिला देवी, सुनीता देवी, शहीद पुत्र कैलाश चंद्र गुर्जर व विजय सिंह ने कस्बे के ऐतिहासिक आजाद चौक में महान स्वतंत्रता सेनानी व क्रांतिकारी चन्द्रशेखर आजाद की मूर्ति शीघ्र लगवाने की माँग की है। ताकि आने वाली युवा पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें। इस दौरान समाजसेवी रतन लाल शर्मा, विहिप के राजेंद्र प्रसाद हिन्दू, मुनेश सैनी, इंजी. राजेश चौधरी, वीरेंद्र सैनी, सीताराम शर्मा, नेमीचंद हिंदू, विक्रम शर्मा, एड. गौरव शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

### पंचायत समिति सदस्यों ने प्रदर्शन किया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्यों ने गुरुवार को राजस्थान पंचायत समिति सदस्य संघ के आव्हान पर 9 सूत्री मांगों को लेकर पावटा में एकत्रित होकर जयपुर विधानसभा का घेराव व प्रदर्शन में शामिल होने के लिए रवाना हुए। जहां प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव करते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायत राजमंत्री एवं मुयमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को पंचायत राज संस्थाओं की त्रिस्तरीय व्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण अंग पंचायत समिति सदस्य एवं डायरेक्टरों की समस्याओं के समाधान करवाने एवं अधिकार देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी, ओमवती मुखराम धनखड भांकरी, गुड्डी देवी जयराम थालोड, सन्तोष देवी महेश बैराठी, सुमन देवी सुरेश कुमावत, दशरथ यादव, नरेंद्र गुर्जर, धर्मपाल गुर्जर, वेदप्रकाश बाकोलिया, फारुख खां, अनिल बाल्मिकी, किशनलाल मीणा, लालचन्द्र यादव, उप प्रधान राजेन्द्र सिंह टीटू, टीकु सैनी, हरीश मामोडिया, मुकेश सैनी टसकोला, राजु मीणा, सन्त लाल वर्मा, मिथलेश टांक, गिन्दोडी गुर्जर, बनवारीलाल स्वामी, मनीषा यादव सहित पंचायत समिति सदस्य विधानसभा घेराव में शामिल हुए।

### पांच हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने पोस्को एक्ट में 1 वर्ष से फरार चल रहे इनामी बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त आरोपी पर जिला पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार का इनाम घोषित कर रखा था। प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव ने बताया कि पास्को एक्ट में फरार चल रहे इनामी बदमाश मनोज पुत्र नाथू राम निवासी प्रागपुरा को भिवाडी से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है।

### मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा, (निसं)।** बुद्धिष्ट महासभा के अन्तर्राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बैरवा के नेतृत्व में गुरूवार को मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार चन्द्रशेखर टांक को सौंपे गये ज्ञापन में करोली में व्याख्याता पृथ्वीराज बैरवा द्वारा सोशल मीडिया पर सामान्य पोस्ट डालने को लेकर व्याख्याता को बर्खास्त किया गया जो कि निन्दनीय है। महासभा ने व्याख्याता की बहाली की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान महासभा से जुडे कार्यकर्ता मौजूद रहै।